## प्रदेश के सभी स्कूल-कॉलेजो में खुलेंगे 'एन्टी ड्रग्स क्लब'

**संवाददाता** हरिद्वार। छात्रों में बढ़ रही नषे की लत सभी के लिए चिंता का विषय हैं, उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रमेंश रंगनाथन ने छात्रों में बढ रही नषें की लत पर काबू पाने के लिए ''सन्कल्प नषा मुक्त देवभूति'' अभियान के तहत स्कूल और विष्वविद्यालयों के परिसर में ''एन्टी ड्रग्स क्लब'' के निर्देष दिये है। इन क्लब के जरिये आमजन में जागरूकता फैलाने में काफी सहायता मिल सकती है। ''एन्टी ड्रग्स क्लब'' जनपद हरिद्वार में 18 अक्टूबर, 2019 तक खोले जाने है। जिसमे 28, सितम्बर 2019 को देहरादून स्थित ओएनजीसी में यह एक कार्यक्रम में यह ''सन्कल्प नशा मुक्त देवभूति'' अभियाने की शुरूआत की जा चुकि है।

# केदार से विदा लेकर विश्वनाथ की नगरी पहुंची मां अनुसूया

रुद्रपुर। **संवाददाता**

### मां अनसूया ने ललिता त्रिपुरी सुंदरी और विश्वनाथ भगवान के किए दर्शन

रुद्रप्रयाग, आजखबर। बाबा केदारनाथ से विदा लेकर संतानदायिनी माता अनसूया शुक्रवार को रात्रि प्रवास के लिए अपनी ध्याण सीमा असवाल के घर पहुंची। माता अनसूया ने नाला गांव में ललिता त्रिपुरी सुंदरी और गुप्तकाशी में विश्वनाथ मंदिर व सिलोंजा माता के दर्शन भी किए। माता अनसूया की रथ डोली यात्रा में भक्तों का हुजूम उमड़ रहा है। शुक्रवार को सुबह चार बजे माता अनसूया की डोली ने मंदाकिनी नदी में पवित्र स्नान किया। इसके बाद तीर्थ पुरोहित बलराम तिवारी, पुजारी विनोद सेमवाल, नवीन, प्रवीण, पंकज, सचिन और पंकु ने मां भगवती की नित्य पूजाएं संपन्न की। सुबह सात बजे माता की डोली ने केदारनाथ मंदिर में प्रवेश किया। करीब एक घंटे तक केदारनाथ भगवान की विशेष पूजाएं संपन्न हुई। केदारनाथ के वेदपाठी ब्राह्मणों ने वेद मंत्रों से माता अनसूया और केदारनाथ भगवान की पूजा–अर्चना संपन्न की। सुबह बाल भोग लगने के पश्चात ठीक आठ बजे अपने पुत्र से विदा लेकर माता अनसूया ने गुप्तकाशी के लिए प्रस्थान किया। शाम चार बजे माता की डोली गुप्तकाशी पहुंची। यहां स्थानीय लोगों ने माता अनसूया का फूल–मालाओं और अक्षत से भव्य स्वागत किया। सेमवाल पुजारी पंचायत के अध्यक्ष बल्लभ प्रसाद सेमवाल ने बताया कि शनिवार को माता की उत्सव डोली रात्रि प्रवास के लिए मंडल गांव पहुंचेगी और रविवार को माता श्री बदरीनाथ धाम की तीर्थयात्रा पर जाएगी।



भगवान केदारनाथ मंदिर की परिक्रमा करती मां अनुसूया की देवरा यात्रा।

## सुपरफास्ट खबरें

### मतदान से लौट रहे बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत

**संवाददाता** गैरसैंण। विकासखंड गैरसैंण के खाल गांव में एक मतदाता की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। खाल निवासी 65 वर्षीय जोत सिंह पुत्र नयन सिंह शाम चार बजे करीब प्राथमिक विद्यालय खाल स्थित बूथ पर वोट डालकर घर लौट रहे थे कि रास्ते में एकाएक जमीन पर गिर पड़े। ग्रामीणों ने किसी प्रकार बेहोश जोत सिंह को 108 वाहन से अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### दो दिवसीय विजयादशमी क्रीडा प्रतियोगिताएं सम्पन्न

**संवाददाता** हरिद्वार। अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद द्वारा संस्थापित गुरुकुल काँगड़ी हरिद्वार की 117 वर्षो गुरुकुल के स्थापना काल से निरन्तर गतिमान परम्परागत विजयादशमी क्रीडा प्रतियोगिताएं हर्षोल्लास के साथ सदैव की भांति सम्पन्न हुई। समापन सत्र में जूनियर फुटबाल में गुरुदत्त सदन ने रामदेव सदन पर 04 गोल से अत्यन्त रोमांचक मैच में जीत प्राप्त की। बड़े ग्राउंड पर फुटबाल सीनियर में रामदेव सदन एवं गुरुदत्त सदन का रोमांचक मुकाबला हुआ। वहीं सीनियर वर्ग में क्रिकेट मैच दयानन्द सदन एवं गुरुदत्त सदन के बीच खेला गया।

### त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के द्वितीय चरण के लिये हुए मतदान की मानीटरिंग

# डीएम ने किया पोलिंग बूथों का मौका मुआयना

**निर्देशः** चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार का व्यवधान न हो

रुद्रप्रयाग। **संवाददाता**

त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के द्वितीय चरण के लिये हुए मतदान की मानीटरिंग करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने विकासखण्ड जखोली के कई पोलिंग बूथों का मौका मुआयना कर मतदान प्रकिया एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने द्वितीय चरण के लिये चल रहे निर्वाचन के निमित विकासखण्ड जखोली के मतदेय स्थल सुमाड़ी, वैनोली, तुनेटा आदि बूथों का निरीक्षण किया व निर्वाचन प्रकिया मे तैनात कार्मिकों एवं सुरक्षा बलों के कार्यो का जायजा लिया, उन्होने मतदेय स्थलो पर तैनात पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारियों एवं सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों को चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पादित करते के लिए उन्हें सतर्क रहते हुए अपनी ड्यूटी करने के निर्देश दिये और कहा कि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या आदि होने पर आरओ एवं कन्ट्रोल रूम को इसकी जानकारी तत्काल उपलब्ध करायी जाय और यह सुनिश्चित किया जाय कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप ही निर्वाचन प्रक्रिया सम्पादित की जाय। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिये कि अनाधिकृत व्यक्ति का मतदान केन्द्र में प्रवेश कदापि न हों और यह भी सुनिश्चित किया जाय कि चुनाव शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हो जिसके लिए सभी सुरक्षा कर्मी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।




मतदान स्थल पर वोटरों से बातचीत करते डीएम मंगेश घिल्ड़ियाल।

जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों को सौपें गये दायित्वों के अनरूप कार्य निर्वहन एंव आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुपालन की भी बूथ स्थल पर समीक्षा की तथा कहा कि मतदान की तिथि को तैयार की जाने वाली सूचनाओं एंव अभिलेखों में पूरी पारर्दिशता बरती जाय। जिलाधिकारी ने मतदेय स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी परखी तथा निर्देश दिये कि किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार का व्यवधान न हो ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जाय तथा इस तरह की कोई समस्या उत्पन्न होने पर इसकी सूचना जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं कन्ट्रोल रूप को तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी सरदार सिहं चौहान ने भी जखोली क्षेत्र के मतदेय स्थलों का भ्रमण कर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष पंचायत निर्वाचन के लिए मतदान प्रकिया का निरीक्षण किया।

### जेट्रोफा के बीज का सेवन करने से छात्रों की बिगड़ी तबियत

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जेट्रोफा के बीज का सेवन करने से राजीव गांधी नवोदय विद्यालय मालतोली के सात बच्चों की तबियत बिगड़ गई। विद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उन्हें स्कूल भेज दिया गया। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे प्रधानाचार्य बीएस भदौरिया और व्यायाम शिक्षक के साथ विद्यालय के सभी छात्र–छात्राएं रोज की तरह टहलने निकले। वापसी के दौरान कक्षा 10, 11 व 12वीं के सात छात्रों ने रास्ते में रुककर वहां किनारे उगे जेट्रोफा के पौधे से कुछ बीज निकालकर खा लिए। जिस कारण उनकी तबियत बिगडने लगी। स्कूल पहुंचते ही उन्हें उल्टी व बेचैनी की शिकायत होने लगी। प्रधानाचार्य व व्यायाम शिक्षक ने तबियत खराब होने का कारण पूछा तो छात्रों ने बताया कि उन्होंने लंकाबेर (जेट्रोफा) के बीज खाए हैं। उचित उपचार के बाद उन्हें स्कूल भेज दिया गया। डॉ तोमर ने बताया कि छात्रों ने खाली पेट जेट्रोफा के बीज खाए थे, जिससे उनकी तबियत खराब हुई।

# महिलाओं ने तैयार की केदारनाथ की प्रतिकृति

रुद्रप्रयाग। **संवाददाता**

### मक्कू व परकण्डी की 34 महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

देश–विदेश से आने वाले यात्रियों के लिए केदारनाथ की स्मृति के रूप में धाम की प्रतिकृति तैयार की जा रही हैं। एक ओर प्रतिकृति यात्रियों के लिए स्मृति चिन्ह है, वहीं दूसरी ओर प्रतिकृति को तैयार करने वाली स्थानीय ग्राम संगठनों की महिलाओं की आर्थिकी सशक्त होगी।

जिला प्रशासन के सौजन्य से शारदा ग्राम संगठन मक्कू व नवज्योति ग्राम संगठन परकण्डी की 34 महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम संगठन की महिलाओं को प्रतिकृति ने पेंटिंग व ऐंपण का पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरान्त महिलाओं ने प्रतिकृति में पेंटिंग व ऐंपण का कार्य निरन्तर कर प्रतिकृति को और अधिक आकर्षक बनाया जा रहा है। वर्तमान में हैलीपेड के आस–पास में यात्रियों के लिए धाम की प्रतिकृति रखी गयी है, जिसे वे अपने साथ ले जा सकते है। भविष्य में प्रतिकृति को ऑनलाइन अमेजन, फिलपकार्ट, मिंत्रा आदि कम्पनियों में भी उपलब्ध कराये जाने की योजना है। श्री केदारनाथ मंदिर की यह प्रतिकृति, मन्दिर की संरचना एवं प्रसिद्ध कुमाउनी कला ऐपण का मिश्रण है। श्री केदारनाथ मन्दिर की इस प्रतिकृति के रंग मन्दिर के वास्तविक रंगों के समान हैं। इस प्रतिकृति को विभिन्न स्वयं सहायता समूह द्वारा रंगा गया है। ऐपण कुमाँऊ की एक प्रसिद्ध पारम्परिक कला है। इसका सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व है। उत्तराखण्ड में ऐपण को पूजा स्थलों, घरों व मुख्य प्रवेश द्वारों पर एवं आंगन में बनाया जाता है।

जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने बताया कि यात्रियों के लिए सोवनियर धाम की स्मृति का प्रतीक है। साथ ही इससे स्थानीय महिलाओं की आर्थिकी का भी उन्नयन हो रहा है। महिलाएं पूरे मनोयोग से इस कार्य को कर रही हैं। धीरे–धीरे इस कार्य में अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी जोड़ा जाएगा।



पेंटिंग व ऐंपण कार्य से बनाई गई भगवान केदारनाथ की प्रतिकृति।

केदारनाथ की प्रतिकृति के साथ ही अराइवल प्लाजा, आस्था पथ व अन्य स्थलों की प्रतिकृति भी यात्रियों को उपलब्ध कराई जाएगी। प्रतिकृति की मांग की संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि टाटा ट्रस्ट आदि कम्पनियों की मांग है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रतिकृति उपलब्ध करायी जाय।

# एसपी सिटी ने करायी 'भिक्षा नहीं शिक्षा' की शपथ ग्रहण

**आयोजन**

### भिक्षावृत्ति निवारण के प्रति जागरूक किया गया

हरिद्वार। **संवाददाता**

बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ चलायी जा रही मुहिम ऑपरेशन मुक्ति की टीम ने आज दूसरे दिन स्थानीय एस.एम.जे.एन. यपी.जी. कॉलेज में 'आपरेशन मुक्ति–भिक्षा नहीं शिक्षा' का आयोजन किया गया। टीम के सदस्यों में एस.पी. सिटी सुश्री कमलेश उपाध्याय, सी.ओ. सिटी अभय कुमार सिंह, इंस्पेकटर पी.सी. मठवाल, सुश्री प्रतिभा, सब इंस्पेकटर विनोद कुमार, सुश्री रचना यएंटी ह्यूमन सैल, बैंक मित्रा राव सवन, सब इंस्पेकटर नंद किशोर ग्वाड़ी व सब इंस्पेकटर भवानी शंकर पंत के निर्देशन में मृणाली ग्रुप यअमिषा पोखिरिया द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर व छात्र–छात्राओं को स्टीकर देकर भिक्षावृत्ति निवारण के प्रति जागरूक किया गया। सर्वप्रथम एस.पी. सिटी द्वारा उपस्थित समस्त छात्र–छात्राओं, शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियो को 'भिक्षा नहीं शिक्षा' की शपथ भी दिलायी गयी।

सी.ओ. सिटी अभय कुमार सिंह ने कहा कि भिक्षा मांगने वाले बच्चों को पुलिस प्रशासन के प्रयास से अब शिक्षा दिलायी जायेगी। सरकारी ही नहीं अपितु अच्छे गैर सरकारी स्कूलों में भी भिक्षा मांग रहे बच्चों को शिक्षा दिलायी जायेगी। दोबारा बच्चों से भिक्षा मंगवाने पर उनके माता–पिता के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। सी.ओ. सिटी ने कहा कि भिक्षा मांगने वाले बच्चो के माता–पिता को यह भी बताया जायेगा कि भिक्षा और शिक्षा में कितना अन्तर है, वर्तमान परिवेश में बच्चों के लिए शिक्षा कितनी आवश्यक है।